# परमाणु ऊर्जा शिक्षण संस्था
## ATOMIC ENERGY EDUCATION SOCIETY

### टर्म-1/आवधिक परीक्षा-2 (2023-24)Term-I/PT-II Examination (2023-24)

**कक्षा/Class: दसवीं** | **अवधि / Duration: 3 घंटे**

**विषय : हिन्दी-अ (कोड-002)** | **अधिकतम अंक / Maximum Marks : 80**

---

**सामान्य निर्देश -**

1. इस प्रश्नपत्र में दो खंड हैं- खंड 'क' और 'ख' | खंड-क में वस्तुपरक/बहुविकल्पी और खंड-ख में वर्णनात्मक प्रश्न दिए गए हैं |
2. प्रश्नपत्र के दोनों खंडों में प्रश्नों की संख्या 15 है और सभी प्रश्न अनिवार्य है |
3. यथासंभव सभी प्रश्नों के उत्तर क्रमानुसार लिखिए |
4. खंड 'क' में कुल 9 प्रश्न हैं | जिनमें उपप्रश्नों की संख्या 43 हैं | दिए गए निर्देशों का पालन करते हुए 40 उपप्रश्नों के उत्तर देना अनिवार्य है |
5. खंड 'ख' में कुल 6 प्रश्न हैं, सभी प्रश्नों के साथ उनके विकल्प भी दिए गए हैं | निर्देशानुसार विकल्प का ध्यान रखते हुए सभी प्रश्नों के उत्तर दीजिए |

---

## खंड - क
### (वस्तुपरक / बहुविकल्पी प्रश्न)

**प्र.1 निम्नलिखित अपठित गद्यांश को पढ़कर पूछे गए प्रश्नों के उत्तर लिखिए | (1 x 5 = 5)**

जीवन में वही मनुष्य सफल है, जो समय के साथ चलता है | कुछ लोग तो ऐसे दूरदर्शी होते हैं, जो आने वाले समय को पहले से ही भाँप लेते हैं | ऐसे व्यक्ति अपनी योजना पहले से ही बना लेते हैं तथा हर कसौटी पर सफल होते हैं |हमें समय के साथ आगे बढ़ते हुए अपना काम पूरा करते रहना चाहिए |कल के भरोसे काम को छोड़ना समस्याओं को आमंत्रित करना है | समय बड़ा बलवान होता है |समय के अनुरूप चलने वाला गरीब से अमीर बन जाता है, जबकि समय को ठीक से न भाँपनेवाला अमीर से कंगाल बन जाता है |प्रत्येक व्यक्ति के जीवन में कुछ ऐसे क्षण आते हैं, जिनसे उसके भाग्य का बनना और बिगड़ना तय होता है |अगर व्यक्ति ने समय की सही गति या दिशा को समझ लिया, तो वह सफल हो जाता हैअन्यथा उसके हाथ केवल असफलता ही लगेगी | खेलकूद, खासकर दौड़ की प्रतियोगिताओं में समय सर्वाधिक निर्णायक होता है | कल्पना चावला को ले जाने वाला अंतरिक्ष यान, कोलंबिया, यदि कुछ मिनट और ठीक रहता तो शायद वे और उनके सभी साथी अंतरिक्ष यात्री सुरक्षित बचते |अतः हम कह सकते हैं कि मानव जीवन का सबसे बड़ा नियामक घटक समय ही है |

**(1) समय के साथ नहीं चलने वाले का क्या हश्र होता है?**

(क) वे असफल होते हैं ।
(ख) वे सबसे आगे रहते हैं ।
(ग) वे अमीर से कंगाल भी बन सकते हैं ।
(घ) विकल्प (क) तथा (ग) दोनों सही हैं ।

**(2) दूरदर्शी व्यक्ति सफल होते हैं क्योंकि ---- निम्न कथन पढ़कर सही विकल्प का चयन कीजिए**

कथन

(i) वह आने वाले समय को पहले से भांप लेते हैं ।
(ii) वे मुसीबत से बचने की कोशिश करते हैं ।
(iii) वे अपनी योजना पहले से ही बना लेते हैं ।
(iv) वे हर कसौटी पर सफल सिद्ध होते हैं ।

विकल्प

(क) कथन(i) और (ii) सही है ।
(ख) कथन (i), (ii) और (iii) सही है |
(ग) कथन (i), (iii) और (iv) सही है ।
(घ) कथन (i), (ii), (iii) और (iv) सही है ।

**(3) कथन A और कारण R को पढ़कर उपयुक्त विकल्प चुनिए -**

कथन A - मानव जीवन का सबसे बड़ा नियामक घटक समय है ।
कारण R - थोड़े से समय के आगे-पीछे होने से परिस्थितियां एवं परिणाम पूरी तरह बदल जाते हैं ।

(क) कथन A गलत है किंतु कारण R सही है ।
(ख) कथन A और कारण R दोनों ही गलत हैं ।
(ग) कथन A सही है और कारण R कथन A की सही व्याख्या है ।
(घ) कथन A सही है किंतु कारण R कथन A की सही व्याख्या नहीं है l

**(4) व्यक्ति के भाग्य का बनना और बिगड़ना किस पर आधारित होता है?**

(क) परिवार के सदस्यों पर
(ख) धन-दौलत पर
(ग) उसके व्यवहार पर
(घ) जीवन में आने वाले कुछ विशेष क्षणों पर

**(5) अंतरिक्ष यान कोलंबिया में भारतीय मूल की महिला अंतरिक्ष यात्री कौन थीं?**

(क) कल्पना चावला
(ख) कल्पना कार्तिक
(ग) कामना चावला
(घ) कल्पना मोहन

**प्र.2 निम्नलिखित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए- (1x5=5)**

बेटी गई है बाहर काम पर
ओ हवाओं! उसे रास्ता देना
दूर तक फैली काली लकीर-सी वहशी सड़कों!
तनिक अपने कालिक समेट कर उसे दुर्घटना से बचाना ।
भीड़-भरी बसों!
तनिक उस पर ममता वारना,
उससे इस या उस या उसके वाहियात स्पर्शों
और जंगली छेड़छाड़ से बचाना ।
बेटी गई है बाहर काम पर
दिशाओं! चुपके से उसके साथ हो लेना
और शाम ढले जब तक वह लौट कर आती नहीं घर
खुद को सचेतन और पारदर्शी बनाए रखना ।
शहर के शोर ! धुएँ !,
और भीड़ -भरे कोलाहल !
थोड़ी देर को थम जाना !
ताकि बेटी जो गई है बाहर काम पर
शाम को ठीक-ठाक उत्फुल्ल मन से घर लौटे !

**(1) काव्यांश में 'बेटी' से तात्पर्य है - दिए गए कथनों को पढ़कर सबसे सही विकल्प चुनिए -**

कथन

(i) अच्छे परिवार में पल रही बेटी
(ii) महानगरों में रह रही नारी
(iii) सभी माताएँ, बहनें और बेटियाँ
(iv) रोज काम पर जाती युवतियाँ

विकल्प

(क) कथन (ii) सही है |
(ख) कथन (iv) सही है |
(ग) कथन (i) सही है |
(घ) कथन (iii) सही है |

**(2) कवि सड़कों से क्या चाहता है -**

(क) दूर तक फैल जाना
(ख) छोटा हो जाना
(ग) उसे दुर्घटना से बचाना
(घ) कालापन बदल देना

**(3) कवि किसे सचेतन और पारदर्शी बने रहने की प्रार्थना करता है ?**

(क) कोलाहल को (ग) ढलती शाम को

(ख) प्रदूषण को (घ) दिशाओं को

**(4) काव्यांश का उपयुक्त शीर्षक हो सकता है -**

(क) महानगर में बेटी (ग) प्रदूषण का फल

(ख) गाँव मेंबेटियाँ (घ) मन की व्यथा

**(5) कवि बेटी की घर वापसी तक किसे थम जाने के लिए कहता है ?**

(क) शहर के शोर को (ग) भीड़-भरे कोलाहल को

(ख) धुएँ को (घ) ये सभी

**प्र.3 निर्देशानुसार' रचना के आधार पर वाक्य' पर आधारित छह बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **(1x5=5)**

**(1) वह नाश्ता करके विद्यालय चला गया। इसका संयुक्त वाक्य होगा -**

(क) जब उसने नाश्ता किया, तब वह विद्यालय चला गया।

(ख) नाश्ता करते ही वह विद्यालय चला गया ।

(ग) उसने नाश्ता किया और वह विद्यालय चला गया।

(घ) जैसे ही उसने नाश्ता किया, वैसे ही वह विद्यालय चला गया।

**(2) सरल वाक्य में-**

(क) दो या दो से अधिक वाक्य समुच्चयबोधक के द्वारा जुड़े होते हैं |

(ख) एक ही उद्देश्य एवं विधेय होता है |

(ग) एक मुख्य उपवाक्य होता है और बाकी आश्रित उपवाक्य होते हैं |

(घ) एक आश्रित उपवाक्य होता है और बाकी प्रधान उपवाक्य होते हैं |

**(3) निम्नलिखित वाक्यों में सरल वाक्य पहचान कर नीचे दिए गए सही विकल्प को चुनिए -**

कथन

(i) घंटी बजते ही अध्यापक जी ने प्रश्न पत्र बाँट दिए।

(ii) घंटी बजी इसलिए अध्यापक जी ने प्रश्न पत्र बाँट दिए।

(iii) घंटी बजने पर अध्यापक जी ने प्रश्न पत्र बाँट दिए।

(iv) जैसे ही घंटी बजी, वैसे ही अध्यापक जी ने प्रश्न पत्र बाँट दिए।

विकल्प

(क) केवल कथन (i) सही है । (ग) कथन (iii) तथा (iv) सही है ।

(ख) कथन (i) तथा (ii) सही है । (घ) कथन (i) तथा (iii) सही है ।

**(4) जब आकाश में बादल छाए, तब वर्षा शुरू हुई | ---- वाक्य पहचानिए |**

(क) सरल वाक्य (ग) मिश्र वाक्य

(ख) संयुक्त वाक्य (घ) आश्रित उपवाक्य

**(5) <u>यदि वह दौड़ में प्रथम आएगा</u> तभी उसे पुरस्कार मिलेगा | --- रेखांकित उपवाक्य का भेद पहचानिए |**

(क) विशेषण उपवाक्य (ग) प्रधान उपवाक्य

(ख) आश्रित उपवाक्य (घ) क्रिया-विशेषण उपवाक्य

**(6) 'मैंने एक व्यक्ति को देखा, जो बहुत बीमार था |' इसका सरल वाक्य होगा -**

(क) मैंने एक व्यक्ति को देखा और वह बहुत बीमार था |

(ख) मैंने एक बहुत बीमार व्यक्ति को देखा |

(ग) मैंने एक व्यक्ति को देखा लेकिन वह बीमार था |

(घ) मैंने एक व्यक्ति को देखा क्योंकि वह बीमार था |

**प्र.4 निर्देशानुसार 'वाच्य' पर आधारित छह बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं <u>पाँच</u> प्रश्नों के उत्तर दीजिए - (1x5=5)**

**(1) आपने बहुत स्वादिष्ट भोजन बनाया है | --- इसका कर्मवाच्य होगा -**

(क) आप बहुत स्वादिष्ट भोजन बनाते हैं |

(ख) आपके द्वारा बहुत स्वादिष्ट भोजन बनाया गया है |

(ग) आपके द्वारा बहुत स्वादिष्ट भोजन बनाया जाएगा |

(घ) आपसे बहुत स्वादिष्ट भोजन बनाया था |

**(2) यह कार्य जल्दी समाप्त किया जाए | --- इसका कर्तृवाच्य होगा -**

(क) यह कार्य जल्दी समाप्त करें |

(ख) यह कार्य जल्दी समाप्त होगा |

(ग) यह कार्य जल्दी समाप्त हो गया था |

(घ) इस कार्य को जल्दी समाप्त मत करो |

**(3) हमारे सैनिकों द्वारा आतंकवादियों को कड़ी टक्कर दी जा रही है | -- इसका कर्तृवाच्य होगा -**

(क) हमारे सैनिक आतंकवादियों को कड़ी टक्कर दे रहे थे |

(ख) हमारे सैनिक आतंकवादियों को कड़ी टक्कर देंगे |

(ग) हमारे सैनिक आतंकवादियों को कड़ी टक्कर दे रहे हैं |

(घ) हमारे सैनिकों से आतंकवादियों को कड़ी टक्कर दी जाएगी |

**(4) कॉलम I को कॉलम II के साथ सुमेलित कीजिए और सही विकल्प चुनकर लिखिए |**

| | **कॉलम I** | **कॉलम II** |
|---|---|---|
| 1. | अध्यापक ने बच्चों को पढ़ाया \| | (i) कर्मवाच्य |
| 2. | मेरे द्वारा खाना खाया जाएगा \| | (ii) भाववाच्य |
| 3. | पक्षियों से आकाश में उड़ा जाता है \| | (iii) कर्तृवाच्य |

विकल्प

(क) 1 - (iii), 2 - (i), 3 - (ii)

(ख) 1 - (ii), 2 - (iii), 3 - (i)

(ग) 1 - (i), 2 - (iii), 3 - (ii)

(घ) 1 - (ii), 2 - (i), 3 - (iii)

**(5) जिस वाक्य में कर्ता के अनुसार क्रिया का रूप बदलता है, उसे कहते हैं -**

(क) कर्तृवाच्य

(ख) कर्मवाच्य

(ग) भाववाच्य

(घ) इनमें से कोई नहीं

**(6) 'सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उन्होंने खीरे खरीदे होंगे |' इसका कर्मवाच्य होगा -**

(क) उन्होंने खीरे, सफ़र का वक्त काटने के लिए ही, खरीदे होंगे |

(ख) सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उनसे खीरे खरीदे जा रहे थे |

(ग) सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उनके द्वारा खीरे खरीदे गए होंगे |

(घ) सफ़र का वक्त काटने के लिए ही उनके द्वारा खीरे खरीदे जाएँगे |

**प्र.5 निर्देशानुसार 'अलंकार' पर आधारित सात बहुविकल्पी प्रश्नों में से किन्हीं छह प्रश्नों के उत्तर दीजिए -** **(1x6=6)**

**(1) <u>सुबरन</u> को ढूँढत फिरत कवि, व्यभिचारी, चोर | --- 'सुबरन' शब्द में अलंकार है -**

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार
(ग) श्लेष अलंकार
(ख) यमक अलंकार
(घ) मानवीकरण अलंकार

**(2) बाण नहीं पहुँचे शरीर तक, शत्रु गिरे पहले ही भू पर || ----- इन काव्य पंक्तियों में अलंकार है-**

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ख) अतिशयोक्ति अलंकार

(ग) श्लेष अलंकार

(घ) मानवीकरण अलंकार

**(3) 'हे रजनी बाले ! सजधज कर तुम कहाँ चली |' --- इस काव्य पंक्ति में निहित अलंकार है -**

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ख) अतिशयोक्ति अलंकार

(ग) श्लेष अलंकार

(घ) मानवीकरण अलंकार

**(4) किस काव्य पंक्ति मेंउत्प्रेक्षा अलंकार नहीं है -**

(क) ले चला साथ मैं तुझे कनक ज्यों भिक्षु लेकर स्वर्ण-झनक |

(ख) पाहुन ज्यों आए हों गाँव में शहर के |

(ग) मंगन को पट देति बार-बार है |

(घ) सिर फट गया उसका वहीं मानो अरुण रंग का घड़ा |

**(5) निम्नलिखित में से कौन-सी काव्य पंक्ति में मानवीकरण अलंकार नहीं है ?**

(क) चारु चंद्र की चंचल किरणें खेल रही हैं जल-थल में |

(ख) मेघ आए बड़े बन-ठन के सँवर के |

(ग) उषा सुनहले तीर बरसती जयलक्ष्मी-सी,
उदित हुई मधुमुकुल नवल रस गागरी |

(घ) मधुबन की छाती को देखो, सूखी कितनी इसकी कलियाँ |

**(6) चमचमात चंचल नयन बिच घूँघट-पट झीन |**
**मानहु सुरसरित विमल जल बिछुरत जुग मीन ||**

(क) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ख) श्लेष अलंकार

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार

(घ) मानवीकरण अलंकार

**(7) 'जान पड़ता है नेत्र देख बड़े-बड़े हीरों में गोल नीलम हैं जड़े |' पंक्ति में अलंकार है -**

(क) श्लेष अलंकार

(ख) उत्प्रेक्षा अलंकार

(ग) अतिशयोक्ति अलंकार

(घ) मानवीकरण अलंकार

**प्र.6 निम्नलिखित पठित गद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए |** **(1 x 5 = 5)**

नहीं साब ! वो लँगड़ा क्या जाएगा फ़ौज में | पागल है पागल ! वो देखो, वो आ रहा है | आप उसी से बात कर लो | फ़ोटो-वोटो छपवा दो उसका कहीं |

हालदार साहब को पानवाले द्वारा एक देशभक्त का इस तरह मज़ाक उड़ाया जाना अच्छा नहीं लगा | मुड़कर देखा तो अवाक् रह गए | एक बेहद बूढ़ा, मरियल-सा लँगड़ा आदमी सिर पर गाँधी टोपी और आँखों पर काला चश्मा लगाए एक छोटी-सी संदूकची और दूसर हाथ में एक बाँस पर टँगे बहुत-से चश्मे लिए अभी-अभी एक गली से निकला था और अब एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस टिका रहा था | तो इस बेचारे की दुकान भी नहीं | फेरी लगाता है | हालदार साहब चक्कर में पड़ गए | पूछना चाहते थे, इसे कैप्टन क्यों कहते हैं ? क्या यही इसका वास्तविक नाम है ? लेकिन पानवाले ने साफ़ बताया दिया था कि अब वह इस बारे में और बात करने को तैयार नहीं |

**(1) प्रस्तुत गद्यांश में किसे 'देशभक्त' कहा गया है ?**

(क) हालदार साहब को

(ख) कैप्टन चश्मेवाले को

(ग) सामान्य आदमी को

(घ) लेखक को

**(2) पानवाले की कौन-सी बात हालदार साहब को अच्छी नहीं लगी ?**

(क) मूर्ति बनाने वाले का अपमान

(ख) हालदार साहब पर हँसना

(ग) मूर्तिकार के कार्य पर टीका-टिप्पणी

(घ) एक देशभक्त का मज़ाक उड़ाना

**(3) चश्मेवाला एक बंद दुकान के सहारे अपना बाँस क्यों टिका रहा था ?**

(क) उसकी अपनी कोई दुकान नहीं थी |

(ख) उसे किसी से बात करनी थी |

(ग) यह दुकान बाज़ार के बीचों-बीच थी |

(घ) वह उसके जानकार की दुकान थी |

**(4) हालदार साहब पानवाले से कैप्टन चश्मेवाले के बारे क्या पूछना चाहते थे ?**

(क) चश्मेवाला फेरी क्यों लगाता है ?

(ख) वह चश्मे कब से बेच रहा है ?

(ग) इसे कैप्टन क्यों कहते हैं ?

(घ) वह कहाँ रहता है ?

**(5) हालदार साहब किस कारण कैप्टन के बारे में और जानकारी प्राप्त नहीं कर सके ?**

(क) पानवाले ने इस बारे में बोलने से मना कर दिया |

(ख) पानवाला कैप्टन के बारे में अधिक नहीं जानता था |

(ग) हालदार साहब के पास समय की कमी थी |

(घ) कैप्टन ने जानकारी देने से मना कर दिया |

**प्र.7 'क्षितिज' के गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित <u>दो</u> बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए |** **(1x2=2)**

**(1) 'लखनवी अंदाज़' पाठ में लेखक ने किस वर्ग पर कटाक्ष किया है ?**

(क) पूँजीवादी वर्ग पर

(ख) मध्यम वर्ग पर

(ग) पतनशील सामंती वर्ग पर

(घ) धनी वर्ग पर

**(2) बालगोबिन भगत द्वारा अपने पुत्र की मृत्यु पर पतोहू से आग दिलवाना क्या सिद्ध करता है ?**

(क) वे लोगों के सामने दिखावा कर रहे थे |

(ख) वे सामाजिक रूढ़ियों को तोड़ना चाहते थे |

(ग) वे पतोहू को घर से भेजना चाहते थे |

(घ) वे अपनी पतोहू को अच्छा साबित करना चाहते थे |

**प्र.8 निम्नलिखित पठित पद्यांश पर आधारित बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए |** **(1 x 5 = 5)**

हमारै हरि हारिल की लकरी |
मन क्रम वचन नंद-नंदन उर, यह दृढ़ करि पकरी
जागत-सोवत, स्वप्न, दिवस-निसि, कान्ह-कान्ह जकरी |
सुनत जोग लागत है ऐसौ, ज्यों करुई ककरी |
सु तौ व्याधि हमको लै आए, देखी सुनी न करी |
यह तौ 'सूर' तिनहिं लै सौंपो, जिनके मन चकरी ||

**(1) गोपियों ने 'हारिल की लकरी' किसे कहा है ?**

(क) उद्धव को

(ख) हारिल पक्षी को

(ग) श्रीकृष्ण को

(घ) स्वयं को

**(2) गोपियों ने योग की तुलना किससे की है ?**

(क) कड़वी ककड़ी से

(ख) नंद-नंदन से

(ग) कृष्ण के प्रति प्रेम से

(घ) अपने हृदय से

**(3) गोपियाँ किसे व्याधि बता रही हैं ?**

(क) हारिल की लकड़ी को

(ख) चकरी को

(ग) कड़वी ककड़ी को

(घ) उद्धव द्वारा दिए गए योग-संदेश को

**(4) गोपियों ने मन, वचन और कर्म से किसको अपने हृदय में बसाया है ?**

(क) उद्धव को

(ख) स्वयं को

(ग) श्री कृष्ण को

(घ) ये सभी

**(5) गोपियों ने अपने मन को कैसा बताया है ?**

(क) चंचल

(ख) अस्थिर

(ग) स्थिर

(घ) भ्रमित

**प्र.9 पद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित <u>दो</u> बहुविकल्पी प्रश्नों के सर्वाधिक उपयुक्त विकल्प चुनकर लिखिए |** **(1 x 2 = 2)**

**(1) परशुराम के वचन सुनकर लक्ष्मण क्यों मुस्कुराने लगे ?**

(क) परशुराम के वचन सबको आनंदित करने वाले थे |

(ख) परशुराम ने लक्ष्मण की प्रशंसा की थी |

(ग) परशुराम की बातों में बड़भोलापन झलक रहा था |

(घ) परशुराम ने श्रीराम का साथ दिया था |

**(2) गोपियाँ यह क्यों कहती हैं कि श्रीकृष्ण ने राजनीति पढ़ ली है ?**

(क) क्योंकि श्रीकृष्ण पहले से ही चतुर थे, अब और चतुर हो गए हैं |

(ख) उन्होंने योग-संदेश भेजकर राजनीतिज्ञों की शैली को अपनाया |

(ग) उनकी कथनी और करनी में अंतर आ गया |

(घ) (क), (ख) और (ग) सभी

## खंड - ख (वर्णनात्मक प्रश्न)

**प्र.10 गद्य पाठों के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- । (2X4=8)**

(क) बालगोबिन भगत की पुत्रवधू पुनर्विवाह क्यों नहीं करना चाहती थी ?

(ख) 'लखनवी अंदाज़' पाठ में नवाब साहब द्वारा खीरा खाने की तैयारी करने का एक चित्र प्रस्तुत किया गया है। इस पूरी प्रक्रिया को अपने शब्दों में प्रस्तुत कीजिए ।

(ग) नेताजी का चश्मा कहानी का संदेश अपने शब्दों में लिखिए।

(घ) बालगोबिन भगत की किन विशेषताओं के कारण उन्हें साधु कहा जाता था ?

(च) पान वाले का एक रेखा चित्र प्रस्तुत कीजिए |

**प्र.11 निर्धारित कविताओं के आधार पर निम्नलिखित चार प्रश्नों में से किन्हीं चार प्रश्नों के उत्तर लगभग 25-30 शब्दों में लिखिए- । (2X4=8)**

(क) योग संदेश के प्रति गोपियों का क्या दृष्टिकोण है? वे इसे किस तरह के लोगों के लिए अधिक उपयुक्त मानती हैं ?

(ख) 'इहाँ कुम्हड़बतिया कोउ नाहीं ।' पंक्ति के द्वारा लक्ष्मण ने परशुराम जी से क्या कहना चाहा है?

(ग) उद्धव के व्यवहार की तुलना किस-किस से की गई है ?

(घ) परशुराम के क्रोध करने पर लक्ष्मण ने धनुष के टूट जाने के लिए कौन-कौन से तर्क दिए ?

(च) कृष्ण को 'हारिल की लकड़ी' कहने से गोपियों का क्या आशय है ?

**प्र.12 पूरक पाठ्यपुस्तक के पाठों पर आधारित निम्नलिखित तीन प्रश्नों में से किन्हीं दो प्रश्नों के उत्तर लगभग 50-60 शब्दों में लिखिए | (4X2=8)**

(क) आपके विचार से भोलानाथ अपने साथियों को देखकर सिसकना क्यों भूल जाता है ?

(ख) आज की पीढ़ी द्वारा प्रकृति के साथ किस तरह का खिलवाड़ किया जा रहा है ? इसे रोकने में आपकी भूमिका क्या होनी चाहिए ?

(ग) 'माता का अंचल' कहानी में भोलानाथ अत्यंत डरे होने पर अपने पिता के पास न जाकर अपनी माँ के आँचल में जाकर क्यों छिपता है ?

**प्र.13 निम्नलिखित तीन विषयों में से किसी एक विषय पर लगभग 120 शब्दों में सारगर्भित अनुच्छेद लिखिए- (6X1=6)**

**(क) अंतरिक्ष में भारत के बढ़ते कदम**

**संकेत बिंदु** -

- अंतरिक्ष में भारत के कदमों का इतिहास
- विदेशी सहायता से उपग्रह भेजना
- स्वदेशी यान से उपग्रह भेजना
- स्वदेशी यान से विदेशी उपग्रह अंतरिक्ष में भेजना
- निष्कर्ष

**(ख) संघर्ष ही जीवन है**

**संकेतबिंदु -**

- संघर्ष का महत्त्व
- संघर्ष : लक्ष्य-प्राप्ति के लिए एक संपूर्ण मंत्र
- इतिहास से उदाहरण
- संघर्ष का आवाहन

**(ग) स्वच्छता आंदोलन**

**संकेत- बिंदु -**

- क्यों ?
- बदलाव
- हमारा उत्तरदायित्व

**प्र.14 निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में औपचारिक पत्र लिखिए : (5X1=5)**

अपने क्षेत्र में पेड़-पौधों की अनियंत्रित कटाई को रोकने के लिए जिलाधिकारी को पत्र लिखिए |

**अथवा**

अपने विद्यालय में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था हेतु प्रधानाचार्य को एक प्रार्थना-पत्र लिखिए |

**प्र.15 निम्न में से किसी एक विषय पर लगभग 100 शब्दों में अनौपचारिक पत्र लिखिए : (5X1=5)**

आपका मित्र राजेश वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आया है | अपनी प्रसन्नता व्यक्त करते हुए अपने मित्र के वाद-विवाद प्रतियोगिता में प्रथम आने पर एक बधाई-पत्र लिखिए |

**अथवा**

फैशन में समय और धन का अपव्यय करने वाली छोटी बहन को, बड़ी बहन गुंजन की ओर से प्रेरणादायक पत्र लिखिए |

***********